भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 281**
दिनांक 02.12.2025 को उत्तरार्थ

**ई-ग्राम स्वराज ऐप**

281. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत राज्य-वार कितनी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

ख) ई-ग्राम स्वराज ऐप के उद्देश्य क्या हैं;

ग) क्या ई-ग्राम स्वराज ऐप पंचायतों में किए गये कार्यों की निगरानी में उपयोगी है; और

घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली सहित सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में पंचायतों को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए उनकी शासन क्षमताओं को विकसित करने हेतु निर्वाचित प्रतिनिधियों (ईआर), पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को सक्षम बनाने के प्राथमिक उद्देश्य से मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2022-23 से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की संशोधित केंद्र प्रायोजित योजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

संशोधित योजना के अंतर्गत, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और पंचायतों के अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण को विभिन्न श्रेणियों अर्थात बुनियादी अभिविन्यास, पुनश्चर्या प्रशिक्षण, विषयगत प्रशिक्षण, विशेष प्रशिक्षण, पंचायत विकास योजना प्रशिक्षण, आदि के तहत सहायता की जाती है। विभिन्न प्रशिक्षणों के अलावा, यह योजना एक्सपोजर विजिट, प्रशिक्षण मॉड्यूल और सामग्री तैयार करने आदि के लिए भी सहायता करती है। इसके अलावा, यह योजना सीमित पैमाने पर क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए संस्थागत प्रणाली बनाने और ग्राम पंचायत भवन, कंप्यूटर और ग्राम पंचायत भवन में सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के सह-

स्थापन जैसे अवसंरचना के निर्माण के लिए भी सहायता प्रदान करती है। 2025–26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों, ग्राम पंचायत भवनों के निर्माण और कंप्यूटरों की खरीद के अनुमोदित विवरण **संलग्न हैं।**

(ख) ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों द्वारा की गई गतिविधियों की आयोजना, बजटन, लेखांकन, कार्य प्रबंधन और निगरानी के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता लाना है। एप्लिकेशन का उद्देश्य पंचायत स्तर के कार्यप्रवाह को सुव्यवस्थित करना और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने को मजबूत बनाना है।

(ग) और (घ) जी हां। ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन पंचायतों द्वारा निष्पादित कार्यों की निगरानी में उपयोगी है। यह एप्लिकेशन कार्य की पहचान, जियो-टैगिंग, प्रगति रिपोर्टिंग, वित्तीय ट्रैकिंग और गतिविधि-वार रिपोर्ट तैयार करने जैसी विशेषताओं के माध्यम से पंचायत के कार्यों की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग को सक्षम बनाता है। यह योजना और कार्यान्वयन स्तर को एकीकृत करता है, जिससे हितधारक विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति की निगरानी कर सकते हैं। यह प्रणाली ई-ग्रामस्वराज डैशबोर्ड और मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से पंचायत की जानकारी को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाकर पारदर्शिता की सुविधा भी प्रदान करती है।

*****

**अनुलग्नक**

**ई-ग्राम स्वराज ऐप के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 281 जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2025 को उत्तर दिया जाना है, के भाग** (क) **के संबंध में अनुलग्नक**

2025–26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों, ग्राम पंचायत भवनों के निर्माण और कंप्यूटरों की खरीद के अनुमोदित विवरण

| क्र. सं. | राज्य/केंद्रशासित प्रदेश | प्रशिक्षित प्रतिभागी | पंचायत भवन निर्माण स्वीकृत* | कंप्यूटर खरीद स्वीकृत* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 201930 | 617 | 1422 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 8794 | 453 | 736 |
| 3 | असम | 49383 | 286 | 868 |
| 4 | बिहार | 124860 | 0 | 2171 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 42922 | 280 | 4585 |
| 6 | गोवा | 1694 | 0 | 25 |
| 7 | गुजरात | 22112 | 408 | 43 |
| 8 | हरियाणा | 89417 | 509 | 1363 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 10722 | 78 | 0 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 9091 | 640 | 0 |
| 11 | झारखंड | 88437 | 0 | 0 |
| 12 | कर्नाटक | 196658 | 258 | 0 |
| 13 | केरल | 44072 | 0 | 200 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 130586 | 50 | 0 |
| 15 | महाराष्ट्र | 29978 | 875 | 680 |
| 16 | मणिपुर | 2871 | 1 | 0 |
| 17 | मेघालय | 6401 | 24 | 1677 |
| 18 | मिजोरम | 5496 | 284 | 559 |
| 19 | नागालैंड | 2389 | 91 | 591 |
| 20 | ओडिशा | 145435 | 500 | 200 |
| 21 | पंजाब | 58785 | 500 | 4000 |
| 22 | राजस्थान | 263011 | 6 | 0 |
| 23 | सिक्किम | 3805 | 12 | 50 |
| 24 | तमिलनाडु | 37384 | 0 | 1594 |
| 25 | तेलंगाना | 13175 | 82 | 1834 |
| 26 | त्रिपुरा | 33849 | 61 | 18 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 192955 | 281 | 0 |
| 28 | उत्तराखंड | 3171 | 237 | 3507 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 154769 | 164 | 1600 |
| 30 | अंडमान और निकोबारद्वीप समूह | 1143 | 2 | 0 |
| 31 | दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली | 680 | 4 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | लद्दाख | 31 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **1976006** | **6,703** | **27,723** |

* पीछले वर्षों के कैरीओवर सहित